सलमान खान से शादी करना चाहती हैं जरीन खान!

ऐक्ट्रेस जरीन खान ने सलमान खान के ऑपोजिट फिल्म वीर से बॉलिवुड में कदम रखे थे और इसके बाद वह उनके साथ रेडी फिल्म के गाने कैरेक्टर ढीला में नजर आईं। हालांकि जरीन ने बीच में कुछ और फिल्मों में भी काम किया, लेकिन वह अपना चार्म नहीं दिखा पाईं। लेकिन अब जरीन चाहती हैं कि उनकी शादी सलमान खान से हो जाए। लेकिन रुकिए, इससे पहले कि आप कुछ और सोचें हम आपको बता दें कि जरीन खान से पूछा गया था कि वह अपने बारे में कौन सी फनी अफवाह फैलाना पसंद करेंगी। इस पर जरीन ने कहा, मैं यही अफवाह फैलाना चाहूंगी कि सलमान खान मुझसे शादी कर रहे हैं। जरीन से दूसरा सवाल पूछा गया कि सलमान खान, गौतम रोड़े और करण सिंह ग्रोवर में से वह किसके साथ शादी करना चाहेंगी और किसके साथ हुक-अप या उसे मारना चाहेंगी। इसके जवाब में जरीन ने कहा कि वह सलमान के साथ हुक-अप करना चाहेंगी। चलिए यह तो रही मजाक की बात, वैसे बता दें कि फैन्स को भी सलमान की शादी का इंतजार है। लेकिन सलमान हैं कि इसके लिए फिलहाल राजी ही नहीं हैं। बात करें जरीन की फिल्मों की, तो वह 2018 में आई फिल्म 1921 में नजर आईं थी और अब वह जल्द ही तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रही हैं। वहीं सलमान दबंग 3 की शूटिंग में बिजी हैं। इसके साथ ही वह संजय लीला भंसाली की फिल्म इंशाअल्लाह की तैयारी भी कर रहे हैं। इसमें उनके ऑपोजिट आलिया भट्ट नजर आएंगी। भंसाली की फिल्म के लिए सलमान को वजन भी घटाना है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

श्रीदेवी बंग्लो से डेब्यू करेंगी जॉर्जिया ऐंड्रियानी

ऐक्टर अरबाज की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया ऐंड्रियानी फिल्म श्रीदेवी बंग्लो से बॉलिवुड डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म में प्रिया वारियर लीड रोल में नजर आएंगी, वहीं फिल्म में अरबाज खान गेस्ट अपियरेंस में बॉलिवुड ऐक्टर की भूमिका में दिखाई देंगे।

बता दें कि अरबाज खान ने पहले मलाइका अरोड़ा से शादी की थी लेकिन दोनों ने 2016 में अलग होने का फैसला लिया और 2017 में आधिकारिक रूप से तलाक ले लिया। इसके बाद अरबाज खान ने जॉर्जिया ऐंड्रियानी को डेट करना शुरू कर दिया था।

तमिल वेब सीरीज में नजर आने वाली जॉर्जिया ऐंड्रियानी ने कहा कि श्रीदेवी बंग्लो का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं और शूटिंग करने के लिए उत्सुक हूं। श्रीदेवी बंग्लो में दिग्गज अभिनेत्री की कहानी है।

फिल्म के डायरेक्टर ने कहा कि हमें खुशी है कि जॉर्जिया ऐंड्रियानी हमारी फिल्म के साथ अपनी शुरुआत करेंगी। फिल्म को साल के आखिरी तक रिलीज करने की तैयारी है और जल्द ही इस बारे में औपचारिक घोषणा की जाएगी।

डायना पेंटी को स्टार्स ने ही उनके बालों वाले पोस्ट के लिए किया ट्रोल

डायना पेंटी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है... नहीं, नेटिजन द्वारा नहीं, बल्कि बॉलिवुड बिरादरी ही उन्हें ट्रोल कर रही है। डायना को ट्रोल करनेवाले सेलेब्रिटीज में अदिति राव हैदरी, दीया मिर्जा, सोनू सूद और पुनीत मल्होत्रा शामिल हैं।

दरअसल ऐसा तब हुआ जब डायना ने अपना एक फोटो इंस्टाग्राम पर डाला, जिसके कैप्शन में लिखा, बिखरे बाल, परवाह नहीं। इस तस्वीर में हैप्पी भाग जाएगी की ऐक्ट्रेस करीने से संवारे बालों को दुबारा ठीक करती नजर आ रही हैं, जो कि पहले से ही ठीक है। बॉलिवुड सेलेब्स ने तुरंत डायना को ट्रोल करना शुरू कर दिया। राव हैदरी ने पोस्ट के कमेंट में लिखा, डी... ऐसे बिखरे बाल कइयों के लिए सपना है। दीया मिर्जा ने टिप्पणी की, उह, बिखरे बाल कहां है मिस। ऐक्टर सोनू सूद ने लिखा, बिखरे बाल.. सीधे पार्लर से आई हो। फिल्ममेकर पुनीत मलहोत्रा ने पूछा, ये बिखरे बाल हैं? वर्कफ्रंट की बात करें तो, डायना पिछली बार फिल्म खानदानी सफाखाना में रैपर बादशाह के साथ शहर की लड़की गाने में देखी गई थी। उनकी आनेवाली फिल्मों में कुणाल देशमुख की रोमांटिक मूवी शिद्दत है, जिसमें वे सन्नी कौशल, राधिका मदान और मोहित रैना के साथ नजर आएंगी।